का विचार रखता है क्योंकि मौजूदा धर्मशाला रोगियों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने में बहुत छोटी पड़ती है; और

(ङ) क्या सरकार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में रोगियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए पटना में एक पूर्ण सुविधायुक्त हृदय संस्थान खोलने का विचार रखती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० विन्सेंट) : (क) और (ख) बिहार और उत्तर प्रदेश के रोगियों का कुल रोगियों की संख्या में बड़ा हिस्सा है। जिन रोगियों को भर्ती नहीं किया जा सकता है उन्हें बीमारी की गंभीरता के आधार पर डाक्टर से मिलने के लिए आने की तारीख दी जाती है।

(ग) जगह की अपर्याप्तता के कारण अस्पताल के मुख्य परिसर को बढ़ाया नहीं जा सकता है परन्तु संस्थान ने कार्डियो-थोरेसिस तंत्रिका विज्ञान तथा कैंसर के लिए अतिरिक्त सुविधाओं वाले विशिष्ट केन्द्र स्थापित करने के लिए योजना बनाई है।

(घ) संस्थान का दूसरा विश्राम गृह बनाने का प्रस्ताव है।

(ङ) जी, नहीं।

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान में वरिष्ठ प्रलेखन अधिकारी का पद

1194. **श्री कामेश्वर पासवान** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री 22 दिसम्बर, 1993 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 283 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान के अधिकारियों ने अनुसूचित जाति/जन-जाति के लिये आरक्षित वरिष्ठ प्रलेखन अधिकारी के पद को किस नियम के अन्तर्गत अनारक्षित घोषित करके नियुक्ति हेतु विज्ञापित किया था ;

(ख) क्या संस्थान के अधिकारियों द्वारा लिया गया उक्त निर्णय नियम सम्मत था, यदि नहीं, तो उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है;

(ग) क्या संस्थान में सभी आरक्षित पदों को भर दिया गया है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और रिक्त पड़े पदों का ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पवनसिंह घटोवर) : (क) और (ख) राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान, नई दिल्ली जो एक स्वायत्त निकाय है, ने ऐसे मामलों में आरक्षण नियमों को लागू करने के संबंध में उनके पास उपलब्ध निर्णय एवं व्याख्या के आधार पर सामान्य श्रेणी में वरिष्ठ प्रलेखन अधिकारी के पद में एकमात्र रिक्त पद का विज्ञापन निकाला था।

(ग) और (घ) अधिकांश आरक्षित पदों को भरा जा चुका है। 31-3-94 की स्थिति के अनुसार रिक्त पदों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

समूह "क" में रिक्त आरक्षित पदों का ब्यौरा

		पद
1	लेक्चरर	5
2	वरिष्ठ प्रलेखन अधिकारी	1

समूह "ख" में रिक्त आरक्षित पद

1	उप-संपादक (अंग्रेजी)	1

समूह "ग" में रिक्त आरक्षित पद

1	तकनीकी सहायक (उत्पादन प्रोसेसिंग)	1
2	अनुसंधान सहायक (एम० सी०एच०ए०)	1
3	कम्प्यूटर	1
4	फार्मासिस्ट	1

समूह "घ" में रिक्त आरक्षित पद

कोई रिक्त पद उपलब्ध नहीं है